भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 2856
गुरूवार, 19 दिसम्बर, 2024/28 अग्रहायण, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

स्वदेश दर्शन योजना के तहत केरल में प्राचीन मंदिर सर्किट

2856 श्री हरीस बीरन:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार की स्वदेश दर्शन योजना के तहत केरल में प्राचीन मंदिर सर्किट शुरू करने की कोई योजना है, जो कि थीम आधारित पर्यटन सर्किट के एकीकृत विकास के लिए मंत्रालय द्वारा वर्ष 2014-15 में शुरू की गई एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (ख): देश में पर्यटन का विकास और संवर्धन मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकारों /संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों द्वारा किया जाता है। पर्यटन मंत्रालय राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को अपनी 'स्वदेश दर्शन (एसडी)' योजना के तहत वित्तीय सहायता प्रदान करके उनके प्रयासों को सम्पूरित है। पर्यटन मंत्रालय द्वारा केरल राज्य में विभिन्न विषयों के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा निम्नानुसार है:-

क्र. सं.	**परिपथ/ स्वीकृति वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)**
1.	इको परिपथ 2015-16	पथनमथिट्टा- गावी- वागामोन- तेक्कडी का विकास	64.08
2.	आध्यात्मिक परिपथ 2016-17	सबरीमाला - एरुमेली-पंपा-सन्निधानम का विकास	46.54
3.	आध्यात्मिक परिपथ	श्री पद्मनाभ अर्नामूला का विकास	78.08

	2016-17		
4.	ग्रामीण परिपथ 2018-19	मालानाड मालाबार क्रूज पर्यटन परियोजना का विकास	57.35
5.	आध्यात्मिक परिपथ 2018-19	शिवगिरी श्री नारायण गुरु आश्रम- अरुवीपुरम- कुन्नुमपारा श्री सुब्रह्मणिया- चेम्बाझंती श्री नारायण गुरुकुलम का विकास	66.42

मंत्रालय ने अब इस योजना को स्वदेश दर्शन 2.0 के नाम से नया रूप दिया है एवं केरल राज्य में निम्नलिखित परियोजना को मंजूरी दी है:

क्र. सं.	**गंतव्य**	**एक्सपीरियंस का नाम**	**स्वीकृत वर्ष**	**स्वीकृत लागत (करोड़ रु. में)**
1.	कुमाराकोम	कुमाराकोम पक्षी अभयारण्य एक्सपीरियंस	2023-24	13.92

पर्यटन मंत्रालय अपनी तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद) के तहत तीर्थस्थलों/धार्मिक गंतव्यों पर विकास कार्यों के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता भी प्रदान करता है। प्रशाद योजना के तहत केरल में स्वीकृत परियोजना का ब्यौरा निम्नानुसार है:

क्र. सं.	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृति वर्ष**	**अनुमोदित लागत (करोड़ रु. में)**
1.	गुरुवायूर मंदिर में विकास	2016-17	45.19

*****